पुस्तकालय
2
3179
6/3/12

24/2/12
23 FEB 2012

असंशोधित

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

--------

(भाग 2–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर रहित)

प्रतिवेदन शाखा
बी०स०प्र०सं० 69 तिथि 05-3-12

टर्न-7/24.2.12/
श्रीरमण/



अध्यक्ष : अब शून्यकाल लिये जायेंगे ।

## शून्य-काल

श्री नरेन्द्र कुमार पांडेय : महोदय, राज्य सरकार लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल,राजवंशीनगर,पटना को वर्षों पहले न्यूरो स्पेशियलिस्ट अस्पताल का दर्जा दिया गया है किंतु अभीतक न्यूरोलॉजिस्ट पदाधिकारी का पद सृजित नहीं किया है ।
मैं न्यूरोलॉजिस्ट पदाधिकारी का पद सृजित करने की मांग करता हूं ।

डा0 दाउद अली : महोदय,बक्सर जिलांतर्गत डुमरांव स्थित एन0एच0 30 से एन0एच0 84 (पुराना भोजपुर) तक पथ की हालत जर्जर होने से आये दिन दुर्घटना हो रही है तथा यातायात पूर्ण प्रभावित है । जनहित में पथ का जीर्णोद्धार किया जाय ।

श्री कृष्णनंदन यादव : महोदय, गया जिलांतर्गत खिजरसराय प्रखंडस्थित नवनिर्मित विद्युत सब स्टेशन नौगढ़ को चालू नहीं किये जाने से सरबहदा बाजार, ग्राम पंचायत बिहटा, हेमारा, जमुआवां, कुड़वा, हथियावां की बिजली नहीं मिलती है ।
अत: सरकार से किसानों तथा जनहित हेतु अविलम्ब उक्त सब स्टेशन को चालू कराने की मांग करता हूं ।

श्री वीरेन्द्र सिंह : महोदय, गया जिला के वजीरगंज बाजार से दिनांक 20.8.2011 को 13 माह की लड़की का मां के गोद से अपहरण कर लिया गया । 6 माह 4 दिन बीतने को चले हैं । लड़की का अता पता नहीं है, क्षेत्र में त्राहिमाम मचा हुआ है । प्राथमिकी संख्या वजीरगंज थाना 190/2011 है ।

श्रीमती लेसी सिंह : महोदय, पूर्णियां जिला के धमदाहा प्रखंड अधीन बछवा एक महादलित गांव है । वहां पर 10 किलोमीटर दूरी तक एक भी हाईस्कूल नहीं है । अत: मैं म0 वि0 बछवा को उत्क्रमित कर हाईस्कूल खोलने की मांग करती हूं ।

श्री विनोद कुमार सिंह: महोदय, कटिहार जिलांतर्गत प्राणपुर प्रखंड के ओरलाबाड़ी, गिद्धौल तथा धबौल गावों के ग्रामीण महानंदा नदी के भीषण कटान के कारण वर्ष 2005 में ही विस्थापित हो गये हैं । सभी विस्थापित खुले आकाश के नीचे गुजर बसर कर रहे हैं । स्थानीय प्रशासन द्वारा अभी तक पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गयी है ।

श्री जनक सिंह : महोदय,सारण जिलांतर्गत अंचलाधिकारी,इसुआपुर के पत्रांक 9 दिनांक 4 जनवरी 2012 द्वारा भेजे समाहर्ता,सारण के प्रतिवेदन में स्पष्ट है कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय,इसुआपुर का भवन निर्माण रैयती भूमि में बिना निबंधन ही हुआ है । मैं सरकार से दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग करता हूं ।

श्री संजय सिंह टाईगर : महोदय, वर्ष 2009 में भयंकर सूखा पड़ा, भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड के किसानों को खरीफ फसल बीमा का लाभ नहीं मिला । जांच के कम में जालसाजी का मामला उजागर हुआ है । जालसाजों के विरूद्ध कार्रवाई तथा किसानों को बीमा राशि भुगतान की मांग करते हैं ।

श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह : महोदय,औरंगाबाद जिलांतर्गत नवीनगर प्रखंडांतर्गत तोल, ठेंगो, चन्द्रगढ़, पीपरा पंचायतों के पैंतिस से चालीस हजार की आबादी को इलाज हेतु पांच से बीस किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता है । लोग तत्काल ईलाज के बगैर रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं ।

अत: तोल में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला जाय ।

श्री अरूण शंकर प्रसाद : महोदय, मधुबनी जिला पशुपालन कार्यालय से 2 करोड़ 10 लाख रूपये की अवैध निकासी मामले की जांच प्रतिवेदन 25.3.2011 को विभागीय अधिकारी द्वारा सौंपने के उपरांत पुन: जांच कराकर मामले की लीपा पोती की जा रही है ।

अत: मामले की जांच निगरानी विभाग से कराने की मांग सरकार से करता हूं ।

श्री विनोद प्रसाद यादव : महोदय, गया जिलांतर्गत आमस प्रखंड के पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा इंदिरा आवास वितरण में व्यापक गड़बड़ी की गयी है । अनुमंडल पदाधिकारी,शेरघाटी के जांच प्रतिवेदन का पत्रांक 631 दिनांक 14.6.2011 कार्रवाई हेतु जिला में लम्बित है । सरकार से दोषी पदाधिकारी पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग करता हूं ।

श्रीमती आशा देवी : महोदय, मैं सदन का घ्यान पटना जिलांतर्गत दानापुर प्रखंड के दियारा क्षेत्र में पड़नेवाले प्राथमिक विद्यालय,चिड़ैयाटोक की ओर आकृष्ट करना चाहती हूं जो पिछले दो वर्षों से बंद पड़ा है ।

श्री राजेश्वर राज : महोदय, रोहतास जिला के राजकीय माघ्यमिक विद्यालय विक्रमगंज में अध्ययनरत 1000 छात्रों के विरूद्ध मात्र 76 छात्रों के लिये ही मुख्यमंत्री साईकिल योजनांतर्गत राशि आवंटित किये जाने से साईकिल वितरण का कार्य बाधित है ।

अतएव सभी छात्रों के लिये राशि आवंटित करने हेतु मांग करता हूं ।

श्री प्रदीप कुमार : महोदय, नवादा जिलांतर्गत पकरीबरावां प्रखंड में आबिदबिगहा मोड़ से राईस-विरनामा पथ की स्थिति काफी जर्जर है जबकि इस पथ का निर्माण विगत 6 माह पहले हुआ है, निर्माण में घटिया सामग्री लगाये गये हैं ।

अत: उक्त पथ के निर्माण की जांच करवाकर पनर्निर्माण कवाने की मांग करता हूं ।

श्री दिनेश कुमार सिंह : महोदय, भोजपुर जिला अंतर्गत जगदीशपुर पावरग्रीड एक वर्ष से बनकर तैयार है । इसके चालू होने से तीन प्रखंडों के चार सौ गांव लाभान्वित होंगे ।

अत: जनहित में इसे तत्काल चालू किया जाय ।

अध्यक्ष : अब शून्यकाल समाप्त हुआ । घ्यानाकर्षण लिये जायेंगे । माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी, आप अपनी घ्यानाकर्षण की सूचना को पढ़ें ।

<u>घ्यानाकर्षण सूचनाएं तथा उसपर सरकारी वक्तव्य</u>